तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



## नृत्य और संगीत का संगम

डीजे और बैंड बाजे की धुनों पर बारिश में थिरकते श्रद्धालु मानो एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। जय माता दी के उद्घोष से पूरा वातावरण गूँज उठा। कई जगहों पर पारंपरिक लोक वाद्य मांदर, ढोल और नगाड़े भी बजाए गए, जिन पर ग्रामीण श्रद्धालु झूमर और गरबा नृत्य करते रहे। बारिश में भीगते हुए जब भक्त झूमते-गाते आगे बढ़ रहे थे तो देखने वालों की भीड़ सड़कों के किनारे जमा हो गई। लोग घरों की छतों और बालकनियों से झाँकियों का आनंद लेते रहे।

## प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था

बारिश के बावजूद प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की थी। पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा। नगर पालिका और जिला प्रशासन की टीमों ने विसर्जन स्थल तक पहुँचने के लिए विशेष इंतजाम किए। बारिश के चलते जगह-जगह कीचड़ और फिसलन को देखते हुए विशेष सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। तालाब के घाट पर गोताखोरों को तैनात किया गया। हर झाँकी के साथ पुलिस कर्मी और वॉलंटियर मौजूद रहे ताकि भीड़ में अव्यवस्था न हो।

## श्रद्धालुओं की आस्था और भावनाएं

विसर्जन का दृश्य किसी भावनात्मक पल से कम नहीं था। नौ दिनों तक पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन के बाद जब माता की प्रतिमा को विदा करने का समय आया तो कई श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं। महिलाएँ आरती और गीत गाते हुए माता से अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती रहीं। एक महिला श्रद्धालु ने कहा माता रानी को बारिश में विदा करना भी अपने आप में सौभाग्य की बात है। यह वर्षा माँ की कृपा का संकेत है कि आने वाला साल समृद्धि और खुशहाली लेकर आएगा।

# माता दुर्गा प्रतिमा की दिव्य और भव्य विसर्जन यात्रा में बारिश ने श्रद्धालुओं का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर समेत पूरे अंचल में विजयादशमी और शारदीय नवरात्र के समापन अवसर पर माता दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं का विसर्जन गुरूवार की रात को हुआ। इस वर्ष का विसर्जन विशेष इसलिए भी रहा क्योंकि दिनभर और विसर्जन के समय रात को रुक-रुक कर तेज बारिश होती रही, फिर भी श्रद्धालुओं के उत्साह और उमंग पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। जगह-जगह से निकली विसर्जन झाँकियाँ बारिश की बूंदों में सराबोर होकर नृत्य, भजन, जयकारों और डीजे की धुनों के साथ आगे बढ़ीं। हर गली, हर चौक पर लोग माता के जयकारे लगाते रहे और भक्तों ने भीगते हुए माता को विदाई दी। नवरात्र पर्व भारतीय संस्कृति का एक ऐसा अध्याय है, जिसमें शक्ति की साधना होती है और समाज एकजुट होकर माता की आराधना करता है। नौ दिनों तक माता मंदिरों, पंडालों और घर-घर में पूजा-अर्चना की जाती है। दसवें दिन प्रतिमाओं का विसर्जन इस पर्व की पूर्णाहुति का प्रतीक है। इसे विजयादशमी भी कहा जाता है, जो असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। कांकेर समेत आसपास के क्षेत्रों में हर साल की तरह इस बार भी सैकड़ों दुर्गा प्रतिमाएँ ⏭ शेष पेज 10 पर

### खास बातें

- डीजे की धुन पर थिरकती रहीं रास्ते पर महिला-पुरुष और बच्चों की टोलियां
- सुरक्षा के लिहाज से पुलिस चप्पे चप्पे पर रही तैनात
- शहर में चकाचक रौशनी और सैकड़ों शोभायात्रा की मनोरम झांकियों ने किया भाव विभोर



बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

# बिजली अधिकारियों की लापरवाही से दैवेभो कर्मचारी झुलसा, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



ग्राम पंडरीपानी में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते बिजली के खंभे पर चढ़े युवक को करंट लगने से वह बुरी तरह से झुलस गया, जिसे चारामा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया, जहाँ उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही हैं।

परिजनों और घटना स्थल से मिली जानकारी के अनुसार यशवंत नागराज पिता प्रकाश कुमार नागराज निवासी ग्राम दरगाहन जो की विद्युत विभाग के पंडरीपानी फीडर में बीते 7 वर्षों से दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत है, जो कि 2 अक्टूबर 2025 गुरुवार को पंडरीपानी में कार्य करने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ गया हुआ था और बिद्युत कार्य करने के लिए खंभे पर चढ़ा था, इस दौरान विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के कारण विद्युत लाइट को बंद किए बगैर युवक को खंभे पर चढ़ा दिया गया, जिसके चलते 11000 के व्ही का करंट लगने से उसका शरीर के कई हिस्से जल गए और वह खंभे से नीचे जमीन पर गिर गया। युवक को तत्काल अन्य कर्मचारियों के द्वारा चारामा अस्पताल इलाज के लिए लाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार ⏭ शेष पेज 10 पर

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113
CAMPUSE VIEW



## खबर संक्षेप

### स्थापना दिवस की तैयारी बैठक कल की जाएगी

**भानुप्रतापपुर।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का 13 वां स्थापना दिवस 17 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए 5 अक्टूबर रविवार को दोपहर 12 बजे भानुप्रतापपुर रेस्ट हाउस में महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। बैठक में ब्लॉक स्तर के सभी ग्रामीण अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टोरेट परिसर पर 60 तक धारा 163 लागू

**कांकेर।** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 01 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2025 तक कुल 60 दिवस की अवधि के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इस अवधि के दौरान कलेक्टर परिसर एवं परिसर की आसपास के 200 मीटर के दूरी को धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी इत्यादि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

### प्रांतीय प्रो कबड्डी स्पर्धा 7 व 8 को

**दुर्गुकोंदल।** गुड़फेल में राज्यस्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कोयतोर युवा संगठन गुड़फेल के तत्वावधान में 7 व 8 अक्टूबर होगा। आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमियों व ग्रामवासियों से प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आह्वान किया है। ग्राम गुड़फेल के समस्त ग्रामवासी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ की बैठक कल

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान भोजन रसोईया संघ भानुप्रतापपुर ब्लाक का बैठक 5 अक्टूबर रविवार को दोपहर 12 बजे रखा गया है। रसोईया के द्वारा विभिन्न रणनीति पर चर्चा किया जाएगा। बैठक मछली बाजार के सामने फारेस्ट आफीस गोलाडिपो में रखा गया है।

### अरौद में अब 11 को मनाएंगे दशहरा पर्व

**चारामा।** अंचल के ग्राम अरौद में 4 अक्टूबर को आयोजित दशहरा महोत्सव कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है, अब यह आयोजन 11 अक्टूबर को होगा। लगातार बारिश होने की वजह से गांव गली व मैदान में कीचड़ होने की वजह से पार्किंग की की सबसे बड़ी समस्या को देखते हुए ग्रामीण जन व आयोजन समिति ने निर्णय लेते इसे स्थगित कर दिया गया है। अरौद का ऐतिहासिक दशहरा अब 11 अक्टूबर को मनाया जाएगा। दशहरा महोत्सव समिति के अध्यक्ष घासीराम पटेल ने बताया कि लगातार पानी गिरने की वजह से दशहरा मैदान के आसपास पार्किंग स्थल पर मिट्टी गीली होने की वजह से दोपहिया व चार पहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा को देखते हुए व मौसम की मार को देखते हुए यह निर्णय लिया गया।

### जिले में अब तक 14993 मिमी वर्षा

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 14993.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा कोयलीबेड़ा तहसील में 1733.4 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 1035 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 1644.5 मिलीमीटर, दुर्गूकोंदल तहसील में 1717 मिलीमीटर, चारामा तहसील में 1195.8 मिलीमीटर, अंतागढ़ में 1435.7, पखांजूर में 1268.4 नरहरपुर में 1048.7, सरोना में 1040.2 मिलीमीटर, आमाबेड़ा में 1481.9 मिलीमीटर और बांदे तहसील में 1393.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में नरहरपुर तहसील में सबसे अधिक 59.1 मिलीमीटर और पखांजूर तहसील में सबसे कम 2.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### सात दुर्गा समितियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया

# हाईस्कूल मैदान के दशहरा उत्सव में दीपों फूलों से अलंकृत अस्त्र-शस्त्र की पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



दशहरा उत्सव की शुरुआत एक नई और महत्वपूर्ण परंपरा शस्त्र पूजन से हुई। नगर के इतिहास में पहली बार आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में सजी-धजी तलवारों और अस्त्र-शस्त्रों को दीपों व फूलों से अलंकृत कर पूजा-अर्चना की गई।

हाई स्कूल मैदान भानुप्रतापपुर में शस्त्र पूजन का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, जिला प्रचारक आरएसएस हरिराम मधुकर एवं भावेश साहू द्वारा किया गया। इसी दौरान नरोत्तम सिंह चौहान के शंखनाद ने पूरे वातावरण को धार्मिक और ऊर्जामय बना दिया। पूजन के उपरांत भगवान श्रीराम की आरती सम्पन्न हुई। उपस्थित अथियों ने दीप जलाकर श्रद्धा के साथ आरती उतारी। इस दौरान नगर के विभिन्न वार्डों से दुर्गा बैठाने वाली सात समितियों को मंच पर बुलाकर शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी दर्शक रावण दहन स्थल की ओर पहुँचे। रामलीला का मंचन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें युद्ध दृश्य और भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का नाट्य रूपांतरण दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। तत्पश्चात रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। जैसे ही रावण का पुतला अग्नि के हवाले हुआ, पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इसके उपरांत सचिन दुबे द्वारा आयोजित रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने उत्सव को और भी भव्य बना दिया। वहीं चित्रकला कलाकार डेलियांश पड्डा ने मंच पर नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना को उनके चित्र भेंट किए। इसके बाद उन्होंने मंच पर लाइव आर्ट के जरिए भगवान हनुमान का अद्भुत चित्र बनाया, जिसे देख दर्शक अभिभूत हो उठे। कार्यक्रम में आगे गोपाला सोनी ने ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। इन्हीं प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह के साथ भानुप्रतापपुर के हाईस्कूल मैदान में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव का समापन हुआ। पूरे आयोजन में पुलिस प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही। अधिकारियों और जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## गांधी जयंती पर राऊरवाही में की गई विशेष ग्राम सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन राऊरवाही में गुरुवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच बलराम टेपरिया ने किया।

इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छोत्सव मनाया गया। ग्राम सभा में स्वच्छता, जल संरक्षण और बाल विवाह रोकने जैसे सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। उपस्थित सभी लोगों को इन अभियानों को सफल बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। गांधी के विचारों का अनुसरण करते हुए स्वच्छता और जल संरक्षण को प्राथमिकता दी गई। ग्रामीणों को अपने आस-पास के इलाकों को साफ रखने और पानी की बचत के महत्व को समझाया गया।

सरपंच बलराम टेपरिया ने कहा गांधीजी के आदर्शों पर चलना आज के समय में और भी जरूरी हो गया है। स्वच्छता, जल संरक्षण और सामाजिक कुप्रथाओं को खत्म करने का जो सपना गांधीजी ने देखा था, उसे साकार करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

हमें अपने गांव को स्वच्छ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने बाल विवाह को रोकने की अपील करते हुए कहा, बाल विवाह केवल बच्चों के भविष्य को खराब करता है, यह समाज के विकास में भी बाधा बनता है। हमें इसे रोकने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। हर व्यक्ति को जागरूक बनना होगा और इस कुप्रथा के खिलाफ खड़ा होना होगा। इस अवसर पर पंचायत सचिव चुनूलाल सोम, उपसरपंच तीजन बाई गावड़े, ग्राम सभा अध्यक्ष नरेश कोमरा, देवाराम कोठारे, भरत निषाद, नरसिंह उयके व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## रामलीला के बाद किया रावण पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



हाटकोंदल में विजयादशमी के अवसर पर स्कूल मैदान में रामलीला के बाद 20 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इस दौरान भव्य आतिशबाजी ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में राम-रावण युद्ध का जीवंत प्रदर्शन किया। रामलीला के बाद रावण दहन किया गया, जिसके साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई। रावण दहन देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।रावण दहन के बाद रामलीला का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान राम के आदर्शों और मूल्यों को दर्शाया गया। मंडली अध्यक्ष युवराज सिंह पटेल, जगदीश, हीराम यादव, वीरू यादव, चंद्रशेखर, राकेश, सरपंच हरीश मंडावी और गेंद सिंह ठाकुर ने बताया कि गांव में 60 वर्षों से रावण दहन की परंपरा निभाई जा रही है। यह आयोजन गांव की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।



## ग्रामसभा में योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

ग्राम पंचायत कोकानपुर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाएं के विषय पर उपस्थित जन समूह को विस्तार से जानकारी दी गई। सर्व प्रथम महात्मा गांधी एवं बालगंगाधर तिलक कि छाया चित्र पर तिलक एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम कि शुरुआत कि गई। ग्राम सभा बैठक में एक वित्तीय वर्ष के लिए ग्राम सभा अध्यक्ष का सर्व सहमति से आशालता टेकाम का नाम का चयन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से ग्राम पटेल माखन सिंह मंडावी, उप सरपंच योगिता राघवेन्द्र राजपूत, अमृता तेता, रमेश टेकाम, सूरज मंडावी, खिलेश्वरी नेताम, उर्मिला कैमरों, रेखा पिदा, पदमा नाग, पूर्णिमा साहू, हरबंस दरो, घसिया कांगे, शिवप्रसाद तेता, अनिल यदु, शंकर साहु,खेमीन कांगे, विद्या साहु, उमेश्वरी धनकर सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विशेष ग्रामसभा में विलेज एक्शन प्लान पर अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- आदि कर्मयोगी अभियान की तहत की गई कार्रवाई

गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजन कर ग्रामसभा में तैयार किये गए विलेज एक्शन प्लान पर चर्चा एवं अनुमोदन की कार्यवाही की गई। विशेष ग्राम सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान पर ग्रामों को प्रेषित की जाने वाली पाती का वाचन किया गया, साथ ही आदि सहयोगी, आदि साथी एवं ग्राम सभा के सभी सदस्यों एवं अन्य सहभागियों द्वारा अपने ग्राम को विकसित करने के लिए शपथ ली गई।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 02 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े हुए प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान बहु-विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कांकेर जिले के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्राम शामिल है, जिनमें आदि सेवा केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। कांकेर विकासखण्ड में 44, चारामा में 46, नरहरपुर में 73, भानुप्रतापपुर में 55, दुर्गूकोंदल में 128, अंतागढ़ में 44 और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में 162 ग्रामों में आदि सेवा केन्द्रों की स्थापना किया जा रहा है। आदि सेवा केन्द्रों में सभी विभागों की शासकीय योजनाओं को दर्शाया जायेगा तथा समस्याओं का निदान, शिकायत निवारण एवं विभिन्न सेवाओं जैसे-आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र, भू-अभिलेख आदि की प्रदायगी सुनिश्चित किया जाएगा।

## बच्चों व गर्भवती महिलाओं को पोषण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



ग्राम महेंद्रपुर के आंगनबाड़ी केंद्र 1 में पोषण माह का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी और उन्हें पोषण युक्त आहार के महत्व के बारे में बताया। केंद्र पर बच्चों को पोषण युक्त आहार दिया गया और उनके माता-पिता को पोषण से संबंधित जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं बिंदा सलाम ने कहा पोषण माह का उद्देश्य बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी देना और उन्हें पोषण युक्त आहार के महत्व के बारे में बताना है। पोषण युक्त आहार से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ बच्चे को जन्म देने में मदद मिलती है। इस अवसर पर मीना उयके, अश्वनी जैन, शन्ता उयके,शांता सलाम, शशि उयके, नर्मिला सलाम, ममता सलाम आदि उपस्थित रहें।

## कबड्डी प्रतियोगिता में कराठी बनी विजयी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के आश्रित ग्राम आमागढ़ में विजय दशमी पर्व के अवसर पर युवा शक्ति संगठन आमागढ़ एवं कलार पारा नवागांव के नेतृत्व में प्रो कबड्डी का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में प्रथम कराठी रहा तो द्वितीय स्थान पर अंबागढ़ चौकी कि टीम रही।

## जूनियर रेडक्रॉस ने स्वच्छता पर दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़ो में जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों ने गाँव के प्रमुख चौक-चौराहों पर जाकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए और आम नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामूहिक प्रयास है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

नुक्कड़ नाटक के दौरान बच्चों ने अपने विद्यालय, मोहल्ले और गाँव को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। बताया कि छोटी-छोटी आदतें, जैसे गंदगी को इधर-उधर न फेंकना, कूड़े का सही निस्तारण करना और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना, समाज को स्वस्थ और सुंदर बना सकती हैं। नाटक के बाद स्वच्छता शपथ ग्रहण भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी बच्चों और उपस्थित नागरिकों ने हाथ उठाकर स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस के बच्चों ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई भी की। रेडक्रॉस से जुड़े विद्यार्थियों ने विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाकर स्वच्छता संदेश को रोचक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। बताया कि स्वच्छता केवल बाहरी वातावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे विचारों और जीवनशैली में भी झलकनी चाहिए।

## मद्यपान व नशीली दवाओं का दुरुपयोग की रोकने मद्य निषेध सप्ताह 8 तक जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिले में मद्यपान एवं अन्य मादक पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी के सहयोग से विभिन्न कार्यकमों का आयोजन किया जाएगा। नशामुक्ति कार्यक्रम अन्तर्गत जन जागरूकता विकसित करने हेतु रैली, नुक्कड़ सभाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, नशापान नहीं करने का संकल्प एवं शपथ, होर्डिंग्स, ब्राण्डिंग्स, सनबोर्ड की स्थापना, शैक्षणिक संस्थाओं में व्याख्यान, विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला, भाषण, गीत तथा नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही नशामुक्ति श्लोगन का दीवार लेखन, नशा पीड़ति व्यक्ति से प्रत्यक्ष संवाद कर दुष्परिणामों की जानकारी देना, नशामुक्ति ब्रोशर, पाम्पलेट, साहित्य का वितरण, प्रचार रथ, एलईडीटीवी के माध्यम से नशापान के दुष्परिणामों का प्रदर्शन एवं प्रसारण किया जाएगा। नशामुक्त भारत अभियान अन्तर्गत विद्यालय, महाविद्यालय, अन्य शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक स्थलों, विभिन्न समारोह आदि में नशामुक्ति पर केन्द्रित प्रभावी कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। नशामुक्ति संबंधित कार्यक्रमों को एनएमबीए एप्प एवं पोर्टल में अपलोड कराया जाएगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**फारसगांव।** थाना पुलिस ने नाबालिक पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को रिपोर्ट के चंद घंटे में ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि पीड़िता का 02 अक्टूबर को पेट दर्द होने से ईलाज हेतु अस्पताल लाये , जहाँ डॉक्टर द्वारा चेक करने पर नाबालिक पीड़िता 08 माह का गर्भवती होना बताया। पीड़िता से पूछताछ पर सामने आया कि 2 दिसम्बर 2024 को सोनाबेड़ा का देवनाथ नेताम कुछ काम है, कहकर पीड़िता को मक्का बाड़ी के आम झाड़ के नीचे बुलाया और नाबालिक जानते हुए पीड़िता के साथ छेड़छाड करने लगा मना करने पर धमकी देकर जबरदस्ती बलात्कार किया और किसी को बतायेगी तो जाने से मार दूंगा कहकर धमकी देकर पीड़िता के साथ कई बार बलात्कार किया। पीडिता डर के कारण किसी को नहीं बतायी। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में अपराध कमांक 125/2025 धारा 64 (2) (आई) (एम), 65 (1), 351 (3), बीएनएस, पॉक्सो एक्ट की धारा 6 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, सउनि. पिताम्बर आरक्षक फरसुराम मरकाम, शंकर मरकाम, रतिराम मण्डावी, लक्ष्मी मरकाम की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

पेज 9 के शेष...

### माता दुर्गा प्रतिमा...

स्थापित की गई थीं। शहर और गाँवों में समितियों ने सजावट, झाँकी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। विसर्जन दिवस पर भक्त भाव-विभोर होकर माता को विदा करने निकले। दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे। दोपहर बाद से लगातार बारिश ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। जहाँ कई लोग सोच रहे थे कि शायद बारिश से विसर्जन जुलूस में बाधा आएगी, वहीं श्रद्धालुओं का उत्साह ऐसा था कि वे बिना छाता और रेनकोट के भी सड़क पर उतर आए। भक्त बारिश में नाचते-गाते हुए माता की झाँकी के साथ चले। युवा वर्ग ने डीजे की धुनों पर पारंपरिक नृत्य और झूमर प्रस्तुत किया। महिलाएँ सिर पर आरती की थाली लिए माता को विदा करने निकलीं। बच्चे भी जयकारे लगाते रहे। कांकेर शहर के मुख्य चौक से लेकर अलबेलापारा तालाब विसर्जन स्थल तक शहर के सभी वार्डों में स्थित झाँकियाँ निकाली गईं। प्रत्येक समिति ने अपनी झाँकी को आकर्षक बनाने में विशेष ध्यान दिया। कहीं महिषासुर मर्दिनी का दृश्य प्रस्तुत किया गया तो कहीं माँ दुर्गा को नौ रूपों में दर्शाया गया।

**सामाजिक एकता का संदेश-** विसर्जन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि सामाजिक मेलजोल का भी अवसर होता है। बारिश में भी हर वर्ग, हर समुदाय के लोग एक साथ शामिल हुए। गाँव से लेकर शहर तक, अमीर से गरीब तक, सभी ने मिलकर माता को विदाई दी। यह दृश्य सामाजिक एकता और सामूहिक आस्था का प्रतीक था।

**श्रद्धालुओं की प्रतिक्रियाएं-** युवा श्रद्धालु ने कहा कि बारिश ने हमें और उत्साहित कर दिया। जब सब लोग भीगते हुए नाच रहे थे तो लग रहा था, मानो स्वर्गिक आनंद मिल रहा हो। महिला श्रद्धालु ने कहा कि माँ की विदाई हमेशा भावुक करती है, लेकिन इस बार बारिश में उनका विसर्जन अविस्मरणीय रहा। समिति के सदस्य ने कहा कि यह हमारे अंचल की परंपरा है, चाहे आंधी आए या बारिश, विसर्जन कभी नहीं रुकता।

### बिजली अधिकारियों की...

किया गया और उसकी गंभीर स्थिति के चलते उसे तत्काल बेहतर इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया। घायल का रायपुर में इलाज जारी है, परंतु युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विद्युत विभाग में ही कार्य करने वाले बिजली मिस्त्री खेम सिन्हा पिता गोविंद सिन्हा निवासी ग्राम पंडरीपानी जिसे बिजली बंद करने का आदेश दिया गया था और उसने बिजली बंद करने की बात कही, जिसके बाद युवक खंबे पर चढ़ा, लेकिन बिजली बंद नहीं हुई थी और जिसके कारण युवक को करंट लगा और वह घायल हो गया। अब यह लापरवाही है या शाजिस, यह विभाग एवं पुलिस की जांच का विषय है। घायल युवक के परिजनों सहित ग्रामीणों ने पुलिस थाने में भी घटना की जानकारी दिया है।

## खबर संक्षेप

### सेड़वा एवं बड़े कड़मा में ग्रामसभा का आयोजन



**दरभा**। दरभा विकास खंड के सेड़वा एवं बड़े कड़मा ग्राम पंचायतो में ग्रामसभा का आयोजन कर आदि कर्मयोगी आदि सेवा केंद्र गांव को 2030 तक समृद्ध गांव के रूप में विकसित करने हेतु 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पर्व पखवाड़ा मनाया जा रहा है। आदि कर्मयोगी अभियान विलेज़ विजन प्लान का ग्राम सभा, अनुमोदन किया गया। विकासखंड दरभा के आदि कर्मयोगी अधिकारी कर्मचारी आदि साथी आदि सहयोगी वालिंटिअर्स एवं नोडल अधिकारी बीरेंद्र बहादुर सिंह सहायक नोडल अधिकारी महेन्द्र सिंह बघेल उपस्थिति रहे।

### कोरलापाल एवं मसेनार में राजमिस्त्री प्रशिक्षुओं का हुआ श्रम पंजीयन



**गीदम**। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार विगत दिवस ग्राम पंचायत कोरलापाल एवं मसेनार में आरसेटी द्वारा राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे राजमिस्त्री प्रशिक्षुओं का 30 दिवस प्रशिक्षण उपरांत असेसमेंट किया गया एवं प्रशिक्षुओं का श्रम विभाग द्वारा श्रम पंजीयन किया गया। इसके साथ ही सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मनरेगा अंतर्गत हो रहे कार्य एवं श्रम विभाग अंतर्गत पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे मे जानकारी दी गई।

# मां दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विर्सजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

- विभिन्न दुर्गोत्सव समितियो द्वारा विसर्जन से पूर्व निकाली गई माँ दुर्गा की झांकी

नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के पंडालो में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन दिन भर होते रहा। नगर में विराजित आधा दर्जन से भी अधिक दुर्गा पंडालो में नौ दिनों तक मां की विधिवत पूजा अर्चना की गई। महाअष्टमी और महानवमी के दिन नगर में जगह जगह भंडारा का आयोजन किया गया था। जहां हजारो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न दुर्गोत्सव समितियो द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन से पूर्व नगर में झांकी निकाली गई। इस दौरान पूरे शहर में माता के जसगीतो से भक्तिमय माहौल बना रहा लोग डीजे की धुन में थिरकते हुए भी नजर आए। नगर के जनकल्याण दुर्गोत्सव समिति हारम, तहसील साहू समाज दुर्गोत्सव समिति, शिवम दुर्गोत्सव समिति, नवयुवक दुर्गोत्सव समिति समेत विभिन्न दुर्गोत्सव समिति द्वारा आज नगर में विसर्जन से पूर्व मां दुर्गा की झांकी निकाली गई। सभी समितियों ने माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन प्रशासन के नियमो का पालन करते हुये किया। नम आंखों से विदाई देते हुए भक्तो ने मां की प्रतिमाओ का विसर्जन किया।



# मां दुर्गा को सिन्दूर खेला रस्म के साथ दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

बचेली बंगाली कैंप मे विजयादशमी के दूसरे दिन मां दुर्गा को सिन्दूर खेला रस्म के साथ विदाई दी गई। महिलाओं ने मां दुर्गा को सिन्दूर लगाया और सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद मांगा। समिति के अंतिम दिन के दुर्गा उत्सव में मां दुर्गा को दर्पण विसर्जन के बाद विदा किया गया। यह रस्म मुख्य रूप से बंगाली हिंदू महिलाओं द्वारा मनाया जाता है, परंपरा के अनुसार विवाहित महिलाएं इस पर्व में हिस्सा लेती है और पूरे रीति रिवाज से इस रस्म को पूरा करती है। ऐसा माना जाता है कि यह रस्म विवाहित महिलाओं के लिए सौभाग्य लाती है और उनके पति की उम्र लंबी होती है यही वजह है कि सिन्दूर खेला शादीशुदा महिलाओं के लिए बेहद खास होता है।





## रिक्रिएशन क्लब में बेस्ट टैलेंट शो गरबा नाइट का आयोजन

# किरंदुल के मातृका ग्रुप बनी गरबा नाइट की विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली




शारदीय नवरात्र के अवसर पर रिक्रिएशन क्लब में बीटीएस यानि बेस्ट टैलेंट शो द्वारा गरबा नाईट का इस वर्ष चौंथा सीजन का आयोजन शानदार तरीके से कराया गया। 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक हुए इस गरबा नाईट में अंतिम दिन फाइनल में 17 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमे किंरदुल के मातृका ग्रुप विजेता रही वही द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः एन जे ग्रुप बचेली व सिम्पल डांसर ग्रुप बचेली रही। बीटीएस के सदस्य सलमान नवाब ने बताया कि हमारा उदेश्य है स्थानीय प्रतिभा को मंच प्रदान करना। तीन दिन के इस कार्यक्रम में पहले दिन विभिन्न समाज के द्वारा गरबा के माध्यम से अपने समाज के संस्कृति को दर्शाया गया। दूसरे दिन सभी बचेली वासियो के ओपन गरबा का आयोजन किया गया। तीसरे दिन प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल में मुख्यतिथि श्रीधर कोडाली, परियोजना प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक बीआईओएम, टी . शिवा (मुख्य महाप्रबंधक) खनन, महेश नायर (महाप्रबंधक) मानव संसाधन, विशेष अतिथि पालिकाध्यक्ष राजू, टीजे शंकरराव, आशीष यादव थे। आयोजन में बीटीएस समिति के करन सिंह, सलमान नवाब, स्माइल सोनी, सुमित चैहान, सुजीत सिंह, राकेश नेतमा, मनीराम भास्कर, तेमन सिंह सिद्धार्थ सोनी , नरेश,राहुल, दिलीप, कृष्णा,हरीश, बेनू,वीरेंद्र व अन्य का योगदान रहा।

# अपूर्ण आवासों का कारण जानने हितग्राहियों से मिली सीईओ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- पापनपाल, धनोरा में हितग्राहियों के घर घर जाकर निर्माणाधीन आवास का किया निरीक्षण

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण में प्रगति लाने कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे जिला स्तर पर बैठक आहूत कर निरंतर समीक्षा करने के साथ ही ग्राम पंचायत वार नोडल नियुक्त किए हैं। इसी कड़ी में जिला सीईओ ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत पापनपाल, धनोरा में हितग्राहियों के घर घर जाकर निर्माणाधीन आवास का स्वतः ही निरीक्षण किया। आवास हितग्राहियों और जमीनी अमले से मिलकर अपूर्ण आवास का कारण जान समस्याओं का निराकरण कर आवास जल्द पूर्ण करने संबंधित को निर्देशित केयिा हैं। ग्राम पंचायत भवन में सरपंच पंच एवं ग्राम के वरिष्ठ जन से आवास योजना में प्रगति लाने के उद्देश्य से आवश्यक चर्चा की।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9,721 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन्हें जल्द पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि वंचित और जरूरतमंदों को उनके सपनों का आशियाना मिल सके। इसके अलावा श्रीमती चौबे ने नव निर्माणाधीन पंचायत भवन एवं सीएससी सेंटर का भी निरीक्षण किया।

# गांधी और शास्त्री जयंती पर हुआ सफाई कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

नगर पालिका बड़े बचेली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर नगर की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। उन्हें प्रमाण पत्र भेंट कर उनकी सेवाओं को नमन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने की वक्ताओं ने गांधी और शास्त्री के आदेशों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी,सेवा और स्वच्छता का प्रतीक रहा है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में स्वच्छता और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी,पार्षद धन सिंह नाग मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर मौजूद रहे।



कार्यक्रम के अंत में सफाई कर्मचारियों को समाज का वास्तविक आधारस्तम्भ बताते हुए उनके अमूल्य योगदान की सराहना की गई। आयोजन में उपस्थित नागरिकों ने भी स्वछता और सेवा को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल भवन, बालक एवं बालिका छात्रावास, मेस भवन, स्टाफ व सर्वेंट क्वार्टर, बाउंड्री वाल और पहुँच मार्ग सहित चल रहे कार्यों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि स्कूल भवन को अक्टूबर तक प्लिंथ बीम स्तर तक हर हाल में पूरा किया जाए। इसी तरह बालिका छात्रावास का भूतल स्लैब भी अक्टूबर माह तक पूरा हो और मेस भवन का ग्राउंड फ्लोर तथा सर्वेंट क्वार्टर का प्रथम फ्लोर शीघ्र निर्मित हो। उन्होंने पहुँच मार्ग पर मिट्टी, मुरुम और गिट्टी का कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि बड़े वाहनों की आवाजाही निर्बाध रूप से हो सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आस्था-2 विद्या मंदिर जिला प्रशासन का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो आने वाले समय में स्थानीय छात्रों के लिए एक शैक्षणिक हब के रूप में विकसित होगा। ऐसे में इसके निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को मजदूरों और मशीनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जा सकें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कॉन्ट्रैक्टरों से संवाद भी किया, उनकी समस्याओं को सुना और आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया।



### स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने कुआकोंडा में नये निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इंजीनियरों और कांट्रैक्टर को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ हो और किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में लगाए जाने वाले सभी विद्युत उपकरण शत-प्रतिशत गुणवत्तायुक्त हों और भवन में सीवेज की कोई समस्या न आए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# शिशु मंदिर में मनाई गई विजयादशमी पर्व एवं गांधी-शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विजयादशमी पर्व, महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती उत्साहपूर्वक बनाई गई। विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता ने पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विजयदशमी पर्व और महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के विषय पर आचार्य दीदीयो व भैया बहनों ने अपने विचार रखे। प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने बच्चों को बताया कि 2 अक्टूबर 1869 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ था। लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को हुआ था। दोनों महानायकों ने देश की आजादी में अपना अमूल्य योगदान दिया। वहीं बुराई के ऊपर अच्छाई का विजय का पर्व विजयदशमी है व यह पर्व प्रतिवर्ष पूरा भारत देश में मनाया जाता है।



# अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता को अपनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

- स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम समापन

किरंदुल परियोजना में स्वच्छता ही सेवा का आयोजन किया गया था। इसके अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता मार्च, कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर को समापन समारोह परियोजना विद्यालय बीआईओपी स्कूल के सभागार में किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने महात्मा गांधी के फोटो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया। समारोह में मुख्य अतिथि ने संबोधन में कहा कि स्वच्छता हमारी व्यावहारिक चीज है। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए अपनाना चाहिए। ये हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ रखती है। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार मुख्य अतिथि के करकमलो से विजेताओं को वितरित किए गए।




समारोह में के.पी.सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक विद्युत संयंत्र, एस.के.कोचर, महाप्रबंधक खनन, देवरायलु, अध्यक्ष, रौशन मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष, एसकेएमएस, ए.के.सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, मो.तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एस.के.पांडे, उप महाप्रबंधक सिविल, अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक पर्यावरण सहित अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पारितोष तिवारी, सहा.प्रबंधक मानव संसाधन और धन्यवाद ज्ञापन अभिजीत मिश्रा, वरि.प्रबंधक मानव संसाधन ने किया।

# बस्तर ओलंपिक में खिलाड़ियों का करेंगे आनलाइन पंजीयन 20 अक्टूबर तक

**कोण्डागांव**। बस्तर ओलंपिक 2025 के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक खिलाड़ी 20 अक्टूबर तक पंजीयन कर सकते हैं। यह आयोजन बस्तर क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण अवसर है। ओलंपिक में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक–बालिका जूनियर वर्ग में शामिल होंगे, वहीं 17 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी सीनियर वर्ग में भाग ले सकेंगे। सीनियर वर्ग के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल और रस्साकशी केवल सीनियर महिला वर्ग के लिए खेल आयोजित होंगे। जबकि हॉकी और वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी सीधे संभाग स्तर पर भाग लेंगे। खिलाड़ियों का पंजीयन ऑनलाइन अनिवार्य है। इसके लिए फोटो, आधार नंबर और बैंक खाता नंबर आवश्यक होंगे। पंजीयन जनपद पंचायत कार्यालय, सभी शासकीय विद्यालयों और खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय, विकासनगर में कराया जा सकता है। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 25 अक्टूबर से 5 नवम्बर। जिला स्तरीय प्रतियोगिता कोंडागांव 5 से 15 नवम्बर तक। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जगदलपुर 24 से 30 नवम्बर तक होगी।

**विजेताओं को मिलेगा नकद पुरस्कार** – जिला स्तर पर व्यक्तिगत खेलों में प्रथम तीन स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 2000, 1500 और 1000 रुपए डीबीटी के माध्यम से दिए जाएंगे। दलीय खेलों में विजेता दलों को क्रमशः 4000, 3000 और 2000 रुपए सीधे खाते में दिया जाएगा।

# विधायक ने मेटावाड़ा में पानी टैंकर देकर पेयजल संकट से दिलाई राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

ग्राम पंचायत मेटावाड़ा में पेयजल संकट को देखते हुए विधायक विनायक गोयल ने ग्रामवासियों को राहत पहुंचाने पानी टैंकर का वितरण किया।

ग्रामवासियों ने विधायक गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने समय पर सहायता पहुंचाकर ग्रामीणों की समस्या को समझा और समाधान किया। इस अवसर पर गोयल ने कहा जनता की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है। जब तक गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंचती, तब तक विकास अधूरा है। हम हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, चन्द्रकान्ता भण्डारी, मण्डल महामंत्री मेघराज ठाकुर, मुन्ना कश्यप एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 63 हजार की शराब जब्त कोचिए पर मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस को छापामार कार्यवाही के दौरान भारी



मात्रा में अवैध शराब की खेप को जप्त किया। कार्यवाही में एक शराब कोचिया को भी पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 11 पेटी अंग्रेजी शराब कीमती 63 हजार 360 रूपएं को जप्त कया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शुभपल्ली निवासी 33 वर्षीय मिंटू सरकार के कब्जे से 2 अक्टूर को शाम साढ़े 6 बजें 11 पेटी अंग्रेजी शराब जिसमें 528 पौवा शराब रखा हुआ था। पकड़े गए शराब की कुल कीमत 63 हजार 360 रूपएं को जप्त कर आरोपी मिंटू सरकार के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जहर सेवन से युवक की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत बांदे निवासी 55 वर्षीय सोनसाय ने जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। चहरीपारा बांदे निवासी 31 वर्षीय धन्नाराम आंचला ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गोण्डाहुर थानांतर्गत पीव्ही 52 निवासी 20 वर्षीय रंजन मंडल सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पखांजुर के नीजी अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 6 -7 को पंजीयन और 9 -10 को रोजगार मेला

**कांकेर।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी संस्थानों में नियोजित करने के उद्देश्य से 09 एवं 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इसके लिए शासकीय महिला आईटीआई कांकेर में 06 एवं 07 अक्टूबर को पंजीयन एवं साक्षात्कार के लिए मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी जिनका पंजीयन नहीं हुआ है। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

## पखांजूर पुलिस को मिली सफलता, जब्त शराब की अनुमानित कीमत 63 हजार

# गांधी जयंती पर मप्र की 11 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, अहाता संचालक जेल की सलाखों में

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर**

गांधी जयंती जैसे राष्ट्रीय पर्व और ड्राई डे के अवसर पर पखांजूर पुलिस ने शराब दुकान में अहाता का संचालन करने वाले मिंटू सरकार उर्फ सोनू के मकान से मध्य प्रदेश की अंग्रेजी 11 पेटी शरा को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस नेटवर्क को खंगाल रही है। जप्त शराब की अनुमानित कीमत 63 हजार 360 रुपएं आंकी गई है। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी मिंटू सरकार उर्फ सोनू तहसील पखांजुर के गोंडाहुर क्षेत्र का निवासी है और शादी करके पखांजुर में किराए का मकान लेकर रहता था। उसी मकान में 11 पेटी शराब को छिपाकर रखा था। शराब की बोतलों में लिखा है कि यह केवल मध्य प्रदेश में ही बिक सकती है। मध्य प्रदेश की शराब अहाता संचालक के पास कैसे पहुँची, यह बड़ा जांच का विषय है, पुलिस उस नेटवर्क तक पहुँचती है या जांच यहीं पर खत्म कर देगी, आने वाला समय बताएगा। आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया है, परंतु कई नाम को उजागर किया है, उन नाम के व्यक्ति की तलाश में पुलिस जुट गई है। पुलिस को लंबे समय से आरोपी के अवैध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर 2 अक्टूबर की रात पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। गांधी जयंती जैसे दिन जब पूरे प्रदेश में शराब बिक्री पर रोक थी, उस दिन शराब की अवैध खेप बरामद होना मामले को और भी गंभीर बनाता है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि मिंटू सरकार उर्फ सोनू पखांजुर आहता दुकान संचालक है कुछ दिन पूर्व विभागीय जांच में आहता दुकान में अनेक अनियमितता पाई गई है, इसके बावजूद इसके द्वारा आहता दुकान में गांधी जयंती शुष्क दिवस में आहता दुकान में दूसरे राज्य से अंग्रेजी शराब लाकर बेचा जा रहा था




शराब माफिया को दबोचने में एसडीओपी पखांजूर रवि कुर्रे के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में एसआई वेदन सलामे,समोद शर्मा, पुरूषोतम ठाकुर, प्रधान आरक्षक लिलेंद्र देवांगन, रूबेन टोप्पो, हेमंत द्विवेदी, जोसेफ बड़ा,परमेश्वर कुंजाम,सरोज मांडवी का विशेष योगदान रहा।

# सवा किलो गांजा जब्त, 3 युवकों को भेजा गया जेल



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर**

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नारायणपुर खंडी नदी पुल स्टाफ डेम के पास तीन लोगो को गांजा के साथ पकड़ा। तीनो युवक गांजा परिवहन करके लाए थे और गांजा को खपाने के फिराक में ग्राहक का इंताजार कर रहे थे। पुलिस ने युवकों से गांजा जप्त किया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि नारायणपुर गांव के पास खंडी नदी पुल स्टाफ डेम में कुछ व्यक्ति अपने कब्जे में प्रतिबंधित मादक पदार्थ रखे हुए है और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत 2 अक्टूबर को दोपहर पौने 3 बजे छापामार कार्यवाही किया और नारायणपुर खंडी नदी स्टाफ डेम के पिल्हर में 03 व्यक्ति संदिग्ध हालत में बैठे मिले। मौके पर दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम पुड़ोमिच निवासी 26 वर्षीय छबीलाल जुर्री पिता स्व. अशोक कुमार, पखांजुर थानांतर्गत छोटे कापसी निवासी 35 वर्षीय हितेन्द्र ठाकुर पिता बल्लु ठाकुर और छोटे कापसी निवासी 33 वर्षीय अभय दास पिता जद्दू दास को पकड़ा गया। पूछताछ में इधर उधर की बात करने लगे, परंतु तलाशी के दौरान छबीलाल जुर्री अपने हाथ में एक प्लास्टिक सफेद थैला के अंदर 2 पैकेट को झिल्ली में पैक करके गांजा करके 1 किलो 240 ग्राम कीमत 10 हजार 300 रूपएं का गांजा को रखा हुआ था। आरोपी छबीलाल जुर्री, हितेन्द्र ठाकुर और अभय दास के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने के लिए परिवहन कर लाया गया था। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) (2) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

# डीजे की धुन पर नाचने के दौरान झूमा झटकी पर गुस्साए युवक ने की मारपीट, मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर**

शहर कांकेर में दुर्गा विसर्जन के दौरान डीजे की धून पर नाच गाना करते समय भीड़ हो गया। भीड़ में नाच रहें युवक को धक्का लग गया। धक्का लगने से गुस्साए युवक ने पीड़ित युवक के साथ मारपीट कर उसे जमीन में पटक दिया। मारपीट से पीड़ित युवक को चोट आई। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे अघन नगर निवासी 20 वर्षीय अतुल कुमार पटेल पिता संपत पटेल ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करता हूं। दशहरा पर्व के दौरान कल 2 अक्टूबर को अघन नगर दुर्गा उत्सव समिति का मां दुर्गा का विसर्जन करने के लिए ले जा रहें थे। बहुत से लोग डीजे के साथ नाचते हुए जा रहे थे। मै भी दुर्गा विसर्जन के दौरान समिति के लोगो के साथ डीजे में डांस कर रहा था। रात करीबन साढ़े 9 बजें दुर्गा विसर्जन करने ले जाने के दौरान



वन विभाग डिपो के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 अघन नगर के पास पहुंचे थे कि इसी दौरान डीजे में डांस करने के दौरान अघन नगर कांकेर निवासी पाडू को थोड़ा से धक्का लग गया। तब पाडू बोला कि क्यो धक्का दिया, बोलते हुए गाली देने लगा। मैने कहा कि क्यों गाली दे रहा है, भीड़ मे धक्का लग जाता है। ऐसा बोलने पर आरोपी पाडू मुझे हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन मे पटक दिया, जिससे मेरे बांए ऑख, कंधा मे चोट आया। मेरे साथियों के द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता तो, मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पाडू के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




# ग्राम सभाओं में विलेज एक्शन प्लान की तैयार की रूपरेखा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा**

जिले के जनजातीय बाहुल्य चयनित 46 ग्रामों में समृद्धि और विकास के लिए केंद्र एंव राज्य सरकार की महत्त्वकांक्षी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति एवँ गांव तक संतृप्ति मूलक स्वरूप में पहुँचे, इसके लिए आदिकर्मयोगी अभियान के अंतगर्त 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आदि सेवा पर्व मनाया गया।

आदि कर्मयोगियों आदि साथियों एवँ आदि सहयोगियों के द्वारा अपने संबंधित ग्रामों में ट्रांजिट वॉक करके ग्राम कार्यपुस्तिका भर गया। ग्राम जनों एंव जनप्रतिनिधियों के साथ सामुदायिक बैठक कर ग्राम के समस्याओं उनके समाधान एंव 2030 तक के लिए विजन 2030 के तहत आवश्यक कार्यों एवँ लक्ष्यों पर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत विलेज एक्शन प्लान एवँ विलेज विजन 2030 तैयार किया गया। इसे 02 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभा में अनुमोदित भी कराया गया है।

इस कार्ययोजना के केंद्र स्तर पर परीक्षण उपरांत विकास कार्य के लिए प्रति ग्राम 02 करोड़ की राशि प्रदान की जाएगी, जिससे ग्राम सभा मे अनुमोदित कार्य योजना को पूर्ण किया जा सके। कार्ययोजना का अनुमोदन 02 अक्टूबर को कसावाही, भर्रीटोला, पंडरीपानी, बड़ाटोला, चपेली, तेलगरा आदि के ग्राम सभाओं में किया गया।

# लाखों के स्टापडेम में दो साल बाद भी नहीं लगे गेट, वन्य जीव प्यासे, सिंचाई सुविधा जीरो

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर**

वन विभाग की लापरवाही और उदासीनता के चलते भानुप्रतापपुर वनमंडल में बने कई स्टॉप डैम आज सवालों के घेरे में हैं। लाखों रुपये की लागत से बनाए गए इन डैमों से न तो वन्य प्राणियों को पानी मिल पा रहा है और न ही किसानों को सिंचाई का लाभ मिल रहा है, उसका बड़ा कारण यह है कि डैम बनकर तैयार हो गए है, लेकिन उनमें आज तक गेट नहीं लगाए गए।

जंगलों में गर्मियों में पानी की भारी किल्लत होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए दाबकट्टा पंचायत के बरसाती नाले पर वन विभाग ने दो स्टॉप डैम बनाए। प्रत्येक डैम पर 12 से 13 लाख रुपये खर्च किए, लेकिन दोनों ही डैम बेकार साबित हो रहे हैं क्योंकि इनमें पानी ठहर ही नहीं रहा। ग्रामीणों का कहना है कि यह विभागीय भ्रष्टाचार और लापरवाही का नतीजा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अंदरूनी इलाकों में अफसरों की नजर नहीं जाती और इसी का फायदा उठाकर भ्रष्टाचार का खेल चलता है। डैम का निर्माण तो कागजों में पूरा दिखा दिया गया, लेकिन हकीकत में पानी स्टोर करने की व्यवस्था नहीं की गई। इससे नाले का बरसाती पानी बेकार बह जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि 2 साल पहले जब डैम बने थे, तो किसानों और गांव वालों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। उन्हें उम्मीद थी कि इससे सिंचाई का रकबा बढ़ेगा और वन्य जीवों को भी पानी की कमी नहीं होगी, लेकिन गेट नहीं लगने के कारण पूरा फायदा धरा रह गया। ग्रामीणों की मांग है कि डैम में तुरंत गेट लगाए जाएं, ताकि पानी ठहर सके और उसका लाभ वन्य प्राणियों व किसानों दोनों को मिल सके।



### कार्य पूरा हो चुका, कोई काम शेष नहीं

परिक्षेत्र अधिकारी मोहन नेताम से इस विषय पर जानकारी चाही गई, तो उन्होने बताया कि बहुत पहले डैम का कार्य पूर्ण हो चुका है। उसमें अब कोई कार्य नहीं बचा है। लेकिन जमीनी हकीकत उनकी बातों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है।

# धर्मांतरित परिवारों की हिंदू धर्म में हुई वापसी

**चारामा।** हाराडुला ग्राम के हिंदू परिवार में धोबी समाज के मुकुंद रजक, गोदावरी रजक और रूपेश्वरी ने हिंदू धर्म को छोड़कर कुछ समय पहले मसीह धर्म में परिवर्तित हुआ था। यह परिवार 2 अक्टूबर गुरूवार को फिर से अपने हिन्दू



धर्म को अपनाने के लिए हिंदू धर्म में वापसी किया, जहां उनके परिवार वालों ने हिंदू रीति रिवाज के नियमानुसार उन्हें हिंदू धर्म में शामिल किया गया। इसके बाद मुकुंद रजक एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों ने माता के मंदिर में पूजा अर्चना किया। इस दौरान ग्राम प्रमुख सरपंच सुशीला मरकाम, ग्राम पटेल रघुनंदन साहू, भूतपूर्व सरपंच और वर्तमान दुर्गा समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गावड़े एवं समस्त ग्रामवासी हाराडुला उपस्थित रहे।

# धर्मांतरण के विरोध में सर्वसमाज की 5 की बैठक में तय की जाएगी रणनीति

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना/बासनवाही।**

धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं के विरोध में सर्वसमाज के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आगामी 5 अक्टूबर रविवार को सरोना में किया जा रहा है। यह बैठक स्थानीय मंडी प्रांगण में प्रातः 11 बजे से शुरू होगी और इसमें आने वाले समय में धर्मांतरण पर रोक लगाने को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी।

आयोजित बैठक का उद्देश्य समाज में हो रहे धार्मिक रूपांतरण के मामलों पर चिंता व्यक्त करना और इसके विरुद्ध सामूहिक स्वर में मत प्रस्तुत करना है। आयोजकों की ओर से बताया गया है कि यह बैठक किसी एक वर्ग, जाति या सम्प्रदाय की नहीं, बल्कि समस्त समाज की जागरूकता और एकता का प्रतीक होगी। बैठक में सभी जातियों, वर्गों, समुदायों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त करने की अपील की गई है। आयोजकों का कहना है कि यह एक गैर-राजनीतिक मंच है, जिसका उद्देश्य केवल सामाजिक एकता और धर्मान्तरण के विरुद्ध जन-जागरण करना है। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्थानीय नेताओं, और प्रबुद्ध नागरिकों के विचार सुनने को मिलेंगे। सर्वसमाज की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि धर्मान्तरण जैसी प्रवृत्तियों को रोकने के लिए जन-संवाद और एकजुटता आवश्यक है, ताकि सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की रक्षा की जाए। सभी नगरवासियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि आयोजित बैठक में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराएं और एक मजबूत सामाजिक संदेश दिया जा सके।

# जयंती पर गांधी व शास्त्री को अर्पित की पुष्पांजलि

**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दुर्गुकोदल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदे सिंह कल्लो ने कहा कि गांधी और शास्त्री के आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में सत्य, अहिंसा और सेवा भाव को कायम रखना चाहिए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दुनिया को यह संदेश दिया कि हिंसा से नहीं, बल्कि शांति और संवाद से ही समस्याओं का समाधान संभव है। वहीं शास्त्री जी ने अपने जीवन से यह साबित किया कि सादगी और ईमानदारी से भी देश का सशक्त नेतृत्व किया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।



## उत्पादन पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही

# बासनवाही क्षेत्र में बारिश से धान की खड़ी फसल में कीट प्रकोप से किसान हैं बेहाल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही**

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत बासनवाही क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी धान की फसल में कीट और रोगों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। किसान बताते हैं कि जैसे ही धान की बालियाँ निकलने लगीं, भारी बारिश और उमस के कारण फसलें गिरने लगी हैं। इससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

मौसम की बेरुखी ने खेतों में पसीना बहाने वाले अन्नदाताओं की चिंता बढ़ा दी है। साल भर की कड़ी मेहनत से तैयार की गई धान की फसल अब पकने की मुहाने पर है, लेकिन आसमान से बरसे पानी ने किसानों की नींद उड़ा दी ही पहले ही बीज और यूरिया खाद की किल्लत ने खेती को मुश्किल बना दिया था। जब अब बालियां पूरी तरह से निकल चुकी है और फसल पकने की स्थिति में है, तभी लगातार हो रही बारिश ने संकट खड़ा कर दिया है। मुसुरपुट्टा के सफल कृषक भुवन भारती ने कहा कि अगर जल्द ही मौसम नही खुला और धूप नही निकली तो खेतों में खड़ी ओहजल सड़ने लग जाएगी लगातार बारिश और नमी के कारण बालियों में दाना सड़ने का खतरा बढ़ गया है। छापरपारा के किसान कोमल ने बताया कि हर साल की तुलना में इस बार बारिश ज्यादा हो रही है। खेतों में पानी भर गया है और धान में महूँ, झुलसा व तना छेदक जैसे कीट लग गए हैं। बालियाँ निकलते ही पौधे गिरने लगे हैं। दवा भी डाल नहीं पा रहे हैं। मावलीपारा के किसान किशोर कुमार साहू एवं सुकचंद मरकाम ने कहा कि पूरे साल मेहनत कर फसल तैयार किया, लेकिन मौसम की बेरुखी ने चिंता में डाल दिया है।

### कीटनाशकों का नहीं हो पा रहा छिड़काव

*लगातार बारिश के चलते किसान खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव भी नहीं कर पा रहे हैं। कीटों और रोगों की वजह से फसल पीली पड़ने लगी है और बालियाँ कमजोर हो रही हैं। कई जगहों पर पौधे पूरी तरह गिर चुके हैं। अगर मौसम की स्थिति ऐसी रहेगी तो धान की फसल पूरी तरह से बर्बाद होने की सम्भावना है।*



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411